बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निगमित संप्रेषण और निवेशक संबंध**
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
दूरभाष -020 :25614495, 25614366, 25514501 से 12

# प्रेस विज्ञप्ति

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने एमसीएलआर में सभी अवधियों के लिए 35 बीपीएस तक की कटौती की

**पुणे, 11 जुलाई, 2022:** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक ने 11 जुलाई, 2022 से सभी अवधियों के लिए अपने निधि आधारित उधारी दर की मार्जिनल लागत (एमसीएलआर) में 20-35 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती की है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने तीन माह के एमसीएलआर में अधिकतम 35 बीपीएस की कटौती करते हुए इसे पूर्व के 7.55 प्रतिशत से 7.20 प्रतिशत किया है।

छह माह और एक वर्ष एमसीएलआर में समान रूप से 20 बीपीएस की कटौती करते हुए इसे क्रमशः 7.40 प्रतिशत (पूर्व में 7.60 प्रतिशत) और 7.50 प्रतिशत (पूर्व में 7.70 प्रतिशत) किया गया है।

ओवरनाइट और एक माह एमसीएलआर में प्रत्येक में 25 बीपीएस की कमी की गई और इसे क्रमशः 6.90 प्रतिशत (7.15 प्रतिशत) और 7 प्रतिशत (7.25 प्रतिशत) किया गया है।

इससे एमसीएलआर से संबद्ध ऋण यथा कॉर्पोरेट अग्रिम सस्ते होंगे और इस ब्याज दर कटौती से ग्राहक लाभान्वित होंगे।